राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्
द्वितीय व तृतीय तल, ब्लॉक–5, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

SWSHE
School Water Sanitation & Hygiene Education Cell

फोन नं: 0141–2708487 E-Mail:- swshecell@hotmail.com फैक्स न: 0141–2708487

क्रमांक : F.5 (4) (114)/RCEE/SWSHE/DEWORM/16 11228 दिनांक : 28/12/17

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि./मा.शि.) एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक
एस.एस.ए./आर.एम.एस.ए.
समस्त जिलें

विषय:– राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 08 फरवरी 2018 के अंतर्गत ब्लाक संदर्भ व्यक्तियों के प्रशिक्षण के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस दिनांक 08 फरवरी 2018 को राज्य के समस्त राजकीय व निजी विद्यालय में सम्पन्न होना है।** अतः इस कार्यक्रम के तहत ब्लाक संदर्भ व्यक्तियों का प्रशिक्षण दिनांक 09, 10, व 11 जनवरी 2018 को दो बैच में (प्रथम बैच समय **9.00 AM to 01.00 PM** और द्वितीय बैच समय **01.30 PM to 05.00 PM)** जिलावार जयपुर में सम्पन्न होना है जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

Date	Morning Batch District TIME : 9.00 AM to 01.00 PM	Evening Batch District TIME : 01.30 PM to 05.00 PM
09th Jan 2018	Ajmer , Bhilwara, Nagaur, Tonk, Dausa	Bharatpur, Jhunjhunu, Karauli, Kota, Bundi, Baran, Churu
10th Jan 2018	Hanumangarh, Bikaner, Ganganagar, Dhaulpur, Swai Madhopur, Alwar	Jaipur, Jhalawar, Sikar, Jaisalmer, Chittaurgarh
11th Jan 2018	Barmer, Jodhpur, Sirohi, Pali, Pratapgarh	Jalore, Rajsamand, Banswara, Dungarpur, Udaipur
प्रशिक्षण स्थल : हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एच.सी.एम. रीपा), ओ. टी. एस., जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर मेहता सभागार		

इस प्रशिक्षण में सन्दर्भ व्यक्ति के रूप में प्रत्येक ब्लॉक से 3 सन्दर्भ व्यक्ति भाग लेगें, जिनमें से 2 सन्दर्भ व्यक्ति प्रारम्भिक शिक्षा (आर.पी. एस.एस.ए.) तथा 1 सन्दर्भ व्यक्ति माध्यमिक शिक्षा (नोडल प्रिंसिपल) होगें।

राज्य स्तर पर प्रशिक्षण के पश्चात ये सन्दर्भ व्यक्ति ब्लॉक स्तर पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम तथा आदर्श/उत्कृष्ठ विद्यालयों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के मॉडल विद्यालयों के रूप में विकसित करने के लिए प्रशिक्षण देगें। ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण निम्नानुसार किये जाए:–

1. ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में ब्लॉक के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों (माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक) एवं केन्द्रीय, नवोदय विद्यालय, मदरसा एवं मॉ बाडी केन्द्र से एक शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लेंगें।
2. ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण दिनांक 16 जनवरी 2018 से प्रारम्भ किए जाए एवं 05 फरवरी 2018 से पूर्व आवश्यक रुप से पूर्ण कर लिए जाए।

www.rajteachers.com

3. ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्रम से संबंधित सामग्री (एलबेन्डाजॉल की गोलियां, रिर्पोटिंग फार्मेट, व अन्य सामग्री) विद्यालयवार वितरित करवाना सुनिश्चित करें। विद्यालय को गोलियों का वितरण छात्र/छात्राओं के नामांकन व शिक्षको की संख्या के अलावा 10 प्रतिशत अतिरिक्त गोलियों का वितरण (कुल नामांकन + शिक्षको की संख्या + कुल का 10% अतिरिक्त) के अनुसार किया जाए।

4. ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में राजकीय एवं निजी विद्यालयों के शिक्षकों के अलग–अलग बैच बनाए जाए।

5. प्रशिक्षण का आयोजन सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत आयोजित किए जाने वाले एक दिवसीय गैर आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण नियमानुसार रुपये 100/– प्रति संभागी के वित्तीय प्रावधानानुसार किया जाए। इस हेतु प्रशिक्षण में भाग लेने वाले राजकीय एवं निजी शिक्षको की संख्यानुरुप हुए व्यय का पुर्नभरण जिलो द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र (प्रशिक्षण व्यय विवरण) प्रस्तुत करने पर परिषद द्वारा किया जाएगा ।

6. ब्लाक स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण प्रारम्भ करने से पूर्व यह अवश्य सुनिश्चित किया जाए कि वांछित संख्या में दवाई ब्लाक स्तर पर सम्बन्धित ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है।

(डॉ. जोगा राम)
आयुक्त

क्रमांक : F.5 (4) (114)/RCEE/SWSHE/DEWORM/16 11229 दिनांक : 28/12/17

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा, स्वास्थय एवं परिवार कल्यान विभाग, राजस्थान
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर
3. निजी सचिव, शासन सचिव, चिकित्सा, स्वास्थय एवं परिवार कल्यान विभाग, राजस्थान
4. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्, जयपुर
5. निजी सचिव, निदेशक राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्, जयपुर
6. निदेशक, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर से अनुरोध है कि समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को उपरोक्तानुसार प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होने तथा बलाक स्तर पर प्रशिक्षण आयेजित करने हेतु निर्देर्शित करें
7. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, एस.एस.ए/ रमसा
8. राज्य प्रमुख, युनिसेफ, राजस्थान
9. प्रतिनिधि, एविडेन्स एक्शन, राजस्थान
10. रक्षित पत्रावली

(अनिल कुमार माथुर)
अधीक्षण अभियन्ता

www.rajteachers.com